**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3678**
**दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़, 1941(शक) को उत्तर के लिए**

**एनएचआरसी द्वारा प्राप्त शिकायतें**

**†3678. श्री के॰ नवासखनीः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भीड़ द्वारा पीटने सहित अल्पसंख्यकों और दलितों के उत्पीड़न के संबंध में मंत्रालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को प्राप्त हुई शिकायतों का ब्यौरा क्या है;**
**(ख) प्रत्येक मामले पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है;**
**(ग) ऐसे अपराधों में वृद्धि के क्या कारण हैं;**
**(घ) उक्त घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और**
**(ङ) इस संबंध में उठाए गए कदमों के क्या परिणाम रहे हैं?**

उत्तर

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)**

(क) से (ङ): संविधान के प्रावधानों के अनुसार "लोक व्यवस्था" और "पुलिस" राज्य के विषय है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा एवं संरक्षा करने तथा अपराधों के प्रति अभियोजन करने और इस संबंध में आंकड़े रखने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। विशेष समुदायों के प्रति अपराधों से संबंधित आंकड़ा केंद्रीय तौर पर नहीं रखा जाता है। अप्रैल, 2016 से अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जातियों के प्रति कथित भेदभाव/उन्हें पीड़ित करने के संबंध में पंजीकृत मामलों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे, जो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से प्राप्त किये गये हैं, को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। राज्य पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में कानून के तहत कार्रवाई की जानी अपेक्षित है।

गृह मंत्रालय ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा यह सुनिश्चित करने के संबंध में समय-समय पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परामर्शी-पत्र जारी किए हैं कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले हर व्यक्ति को विधि के अनुसार दंडित किया जाए।

******

**अनुलग्नक**

**दिनांक 16.07.2019 का लो. स. अता. प्र. सं. 3678**

**यथा संदर्भित-**

**दिनांक 16.07.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3678 के भाग (क) से (ग) के संबंध में विवरण, जिसमें अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जातियों से भेदभाव/उन्हें पीड़ित करने के संबंध में एनएचआरसी में पंजीकृत मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या दर्शाई गई है**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 01-04-2019 से 15-06-2019 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अल्पसंख्यक | अनुसूचित जाति | अल्पसंख्यक | अनुसूचित जाति | अल्पसंख्यक | अनुसूचित जाति | अल्पसंख्यक | अनुसूचित जाति |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | 9 | 1 | 13 | 2 | 17 | 0 | 5 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | बिहार | 7 | 30 | 8 | 19 | 3 | 25 | 1 | 4 |
| 5 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 6 | गुजरात | 4 | 11 | 11 | 17 | 8 | 32 | 0 | 5 |
| 7 | हरियाणा | 3 | 28 | 4 | 28 | 5 | 33 | 0 | 5 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 1 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 10 | कर्नाटक | 8 | 4 | 2 | 7 | 2 | 31 | 0 | 3 |
| 11 | केरल | 0 | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | 1 | 0 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 9 | 23 | 6 | 15 | 1 | 30 | 0 | 4 |
| 13 | महाराष्ट्र | 9 | 20 | 1 | 12 | 5 | 11 | 0 | 4 |
| 14 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 17 | नागालैंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | ओडिशा | 2 | 38 | 0 | 17 | 3 | 13 | 0 | 2 |
| 19 | पंजाब | 3 | 9 | 4 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 20 | राजस्थान | 5 | 29 | 2 | 48 | 4 | 41 | 0 | 2 |
| 21 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | तमिलनाडु | 2 | 9 | 4 | 13 | 7 | 13 | 1 | 3 |
| 23 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 42 | 221 | 8 | 215 | 19 | 311 | 1 | 52 |
| 25 | पश्चिम बंगाल | 2 | 2 | 0 | 3 | 3 | 18 | 1 | 0 |
| 26 | अंडमान एवं निकोबार | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 28 | दादरा एवं नगर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | दमन एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | दिल्ली | 9 | 15 | 2 | 14 | 5 | 28 | 0 | 3 |
| 31 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 32 | पुदुचेरी | 0 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 33 | छत्तीसगढ़ | 3 | 4 | 2 | 3 | 0 | 11 | 0 | 1 |
| 34 | झारखंड | 3 | 11 | 4 | 6 | 2 | 19 | 0 | 0 |
| 35 | उत्तराखंड | 3 | 19 | 5 | 14 | 2 | 14 | 0 | 1 |
| 36 | तेलंगाना | 0 | 5 | 0 | 5 | 3 | 5 | 0 | 1 |
| 37 | अखिल भारत | 2 | 4 | 2 | 2 | 2 | 3 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **117** | **505** | **67** | **464** | **79** | **672** | **5** | **99** |